जनसंपर्क कार्यालय
जामिया मिल्लिया इस्लामिया

27 अक्टूबर 2022

प्रेस विज्ञप्ति

जामिया की चार गर्ल्स रिसर्च स्कॉलर पीएमआरएफ के लिए चुनी गईं

जामिया मिल्लिया इस्लामिया के लिए यह बहुत गर्व की बात है कि विश्वविद्यालय की चार चार गर्ल्स रिसर्च स्कॉलर को प्रतिष्ठित प्रधानमंत्री रिसर्च फेलोशिप (पीएमआरएफ) अवार्ड की गई है।

सफल शोधकर्ताओं और उनके सुपरवाइज़र के नाम हैं:-

1) सुश्री अलीना अनवर
   सुपरवाइज़र: प्रोफेसर मोहम्मद महफुज़ुल हक, जैव-प्रौद्योगिकी विभाग, जामिया

2) सुश्री सुवैबा मतीन
   सुपरवाइज़र: डॉ. अहतेशामुल हक, इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग विभाग, जामिया

3) सुश्री काजल
   सुपरवाइज़र: प्रो. ए.के. हाफ़िज़, सेंटर फॉर नैनोसाइंस एंड नैनोटेक्नोलॉजी, जामिया

4) सुश्री लुबना खान
   सुपरवाइज़र: राशिद अली, रसायन विज्ञान विभाग, जामिया।

इस उपलब्धि से उत्साहित, जामिया की कुलपति प्रोफेसर नजमा अख्तर ने पीएमआरएफ समन्वयक, जामिया प्रोफेसर अब्दुल कय्यूम अंसारी को बधाई दी और इस महान उपलब्धि के लिए उनके प्रयासों की सराहना की।

सफल उम्मीदवारों को शुभकामनाएं देते हुए उन्होंने कहा, "जेएमआई उत्कृष्टता के लिए खड़ा है और अपने छात्रों को महान ऊंचाइयों को प्राप्त करने के लिए हर संभव सहायता प्रदान करने के लिए कड़ी मेहनत करता है।

जामिया के पीएमआरएफ समन्वयक प्रोफेसर अब्दुल कय्यूम अंसारी ने कहा कि इन शोधकर्ताओं को व्यक्तिगत रूप से पहले दो वर्षों के लिए 70,000/- रुपये, तीसरे वर्ष के लिए 75,000/- रुपये, चौथे और पांचवें वर्ष के लिए 80,000/- रुपये की फेलोशिप मिलेगी। इसके अलावा, प्रत्येक फेलो को पीएमआरएफ के तहत प्रति वर्ष 2 लाख (पांच वर्षों के लिए कुल 10 लाख रुपये) रुपये का शोध अनुदान मिलेगा।

जनसंपर्क कार्यालय
जामिया मिल्लिया इस्लामिया